भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1859

जिसका उत्तर 03 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

कोयला भंडार

1859. श्री बालू भाऊ धानोरकर उर्फ सुरेश नारायण :

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में कोयला भंडार का आकलन किया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी गुणवत्ता तथा राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने गत एक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कोयला ब्लॉक आवंटित किए हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र– वार ब्यौरा क्या है और अभी भी आवंटित किए जाने वाले शेष कोयला ब्लाकों की संख्या कितनी है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क): जी हां। प्रकारवार एवं गुणवत्तावार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(संसाधन मिलियन टन में))

कोयले का प्रकार	प्रमाणित	निर्दिष्ट	अनुमानित	कुल	% शेयर
प्राइम कोकिंग	4648.87	664.19	0.00	5313.06	1.67
मीडियम कोकिंग	13913.65	11708.76	1879.47	27501.88	8.62
सेमी कोकिंग	519.44	994.87	193.21	1707.52	0.54
कोकिंग का उप-जोड़	**19081.96**	**13367.82**	**2072.68**	**34522.46**	10.82
नॉन-कोकिंग	129111.66	125696.98	28101.55	282910.19	88.68
टर्शियरी कोल	593.81	99.34	894.53	1587.68	0.50
कुल जोड़	**148787.43**	**139164.14**	**31068.76**	**319020.33**	100.00
% शेयर	46.64	43.62	9.74	100.00	

01.04.2018 की स्थिति के अनुसार भारत में कोयले के राज्य-वार भूवैज्ञानिक संसाधन

राज्य	श्रेणी-वार कोयला संसाधन (मिलियन टन में)				
	मापित (प्रमाणित)	निर्दिष्ट	अनुमानित (अन्वेषण)	अनुमानित (मैपिंग)	कुल
प.बंगाल	14155.57	12868.81	4642.86	0.00	31667.24
बिहार	161.11	813.49	392.15	0.00	1366.75
झारखंड	45563.36	31438.52	6149.80	0.00	83151.68
मध्य प्रदेश	11958.28	12153.95	3874.67	0.00	27986.90
छत्तीसगढ	20427.71	34576.26	2201.90	0.00	57205.87
उत्तर प्रदेश	884.04	177.76	0.00	0.00	1061.80
महाराष्ट्र	7177.55	3073.55	2048.14	0.00	12299.24
ओड़िशा	37391.10	34164.54	7739.16	0.00	79294.80
आंध्र प्रदेश	0	1149.05	431.65	0.00	1580.70
तेलंगाना	10474.9	8576.13	2650.92	0.00	21701.95
सिक्किम	0.00	58.25	42.98	0	101.23
असम	464.78	57.21	0.50	2.52	525.01
अरूणाचल प्रदेश	31.23	40.11	12.89	6.00	90.23
मेघालय	89.04	16.51	27.58	443.35	576.48
नागालैंड	8.76	0.00	103.64	298.05	410.45
कुल जोड़	**148787.43**	**139164.14**	**30318.84**	**749.92**	**319020.33**

(ख) तथा (ग) : पिछले एक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान कोयला खान (विशेष उपबंध) अधिनियम (सीएमएसपी) 2015 तथा एमएमडीआर अधिनियम, 1957 के अंतर्गत किसी भी कोयला ब्लॉक का आबंटन नहीं किया गया है।

इसके अलावा, सीएमएसपी अधिनियम, 2015 के अंतर्गत कुल 120 खानों का आबंटन अभी किया जाना है।

*****